हरिभूमि
वनांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 18 सितंबर 2025
[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]



## खबर संक्षेप



### विधायक को डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

फरसगांव/केशकाल। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी में कनिष्ठ अभियंताओं के पदोन्नति कोटे में कटौती कर 70% से 40% करने तथा सहायक अभियंता के पदों पर सीधी भर्ती का प्रतिशत बढ़ाते हुए रिक्तियों को ऑल इंडिया लेवल पर खोलने के आदेश का डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन ने कड़ा विरोध किया है। एसोसिएशन का कहना है कि इस निर्णय से छत्तीसगढ़ प्रदेश के बेरोजगार इंजीनियर युवाओं के रोजगार अवसरों में भारी कमी आएगी। इस आदेश को पुनः संशोधित कर स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दिए जाने की मांग को लेकर आज डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्यों ने केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए अपनी मांगों से अवगत करवाया। वहीं विधायक नीलकंठ टेकाम जी ने इस विषय पर सार्थक प्रयास एवं आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। इस दौरान संघ की ओर से कोंडागांव डिविजन के सहायक अभियंता एल.एस. टेकाम, पी.एल. अहिरवार तथा कनिष्ठ अभियंता विनोद मरकाम, विजेंद्र कुमार, सत्तार बैग, विकास साहू, राजेश कोमा, भागवत पोया और प्रयास वोडितेलवार मौजूद रहे।

### डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों ने सौंपा ज्ञापन



नारायणपुर। नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले के डॉक्टरों, स्टाफ नर्सों और स्वास्थ्यकर्मियों ने मंगलवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर नौ माह से लंबित नक्सल क्षेत्र प्रोत्साहन राशि के भुगतान की मांग की। साथ ही चेताया कि अगर 21 सितंबर 2025 तक भुगतान नहीं हुआ, तो वे विरोध के कदम उठाएंगे। ज्ञापन के अनुसार, जनवरी से सितंबर 2025 तक की प्रोत्साहन राशि नहीं मिली है, जबकि कोंडागांव जिले में जनवरी से मार्च तक का भुगतान हो चुका है। नाराज स्वास्थ्यकर्मियों ने कहा कि नारायणपुर जैसे संवेदनशील क्षेत्र में सेवाएं देना जोखिमपूर्ण है, फिर भी उनका प्रोत्साहन रोके रखना निंदनीय है। कर्मचारियों ने बताया कि वे ट्रायजिंग, मुठभेड़ों के बाद पोस्टमॉर्टम, बम धमकी वाले क्षेत्रों में ड्यूटी और दुर्गम इलाकों तक सेवा पहुँचा रहे हैं। इससे पहले भी 16 जुलाई 2025 को ज्ञापन और 7 अगस्त 2025 को स्वास्थ्य मंत्री व सचिव को आवेदन दिया जा चुका है, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

## भाजपा का सेवा पखवाड़ा : स्वच्छता के साथ कई अन्य गतिविधियां हुई

# पीएम के 75वें जन्मदिन पर नमो की तर्ज पर लगाए 75 पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

- सेवा पखवाड़ा में वन विभाग ने टाटामारी में किया पौधरोपण



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में 'सेवा पखवाड़ा' के तहत बुधवार को केशकाल के इको पर्यटन केंद्र टाटामारी में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा विशेष पौधरोपण अभियान चलाया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष बिहारीलाल शोरी, डीएफओ दिव्या गौतम समेत स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, पत्रकारों एवं विभागीय स्टाफ की मौजूदगी में नमो की तर्ज पर नीम, आंवला, महुआ एवं ओजीनिया तिनसा के लगभग 75 पौधे लगाए गए। डीएफओ दिव्या गौतम ने बताया कि सेवा पखवाड़ा अभियान 17 सितंबर से शुरू हुआ है जो कि गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक चलेगा। इसके तहत केशकाल वनमण्डल अंतर्गत सभी परिक्षेत्रों में हमारे अधिकारी कर्मचारी गांव गांव जाकर पौधरोपण, सफाई अभियान समेत अन्य गतिविधियों का आयोजन करेंगे। पर्यावरण संरक्षण करना प्रत्येक नगरवासी का दायित्व है। ऐसे में आज केशकाल के टाटामारी में प्रधानमंत्री जी के 75वें जन्मदिन के मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व नगरवासियों के साथ 75 पौधे लगाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधों की देखभाल का संकल्प लिया। इस दौरान फारेस्ट एसडीओ सुषमा जे. नेताम, तहसीलदार विजय मिश्रा, नायब तहसीलदार गणेश सिदार, रेंजर कृष्णा नेताम, वरिष्ठ पत्रकार कृष्णदत्त उपाध्याय, प्रकाश नाग, नीरज उपाध्याय समेत समूह के सदस्य एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने किया रक्तदान

कोण्डागांव। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत आज कोंडागांव के जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना रासेयो के स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में वीर गुण्डाधुर रक्तदाता समिति, रेड क्रॉस सोसाइटी और शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रासेयो स्वयंसेवकों ने भाग लिया। अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली और डिप्टी कलेक्टर किशोर शर्मा के मार्गदर्शन में हुए इस कार्यक्रम में कुल 20 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। इनमें स्वयंसेवक नारायण मरकाम 16वीं बार, देवेंद्र सेठिया 9वीं बार और देवेश शोरी 8वीं बार जैसे नियमित रक्तदाता शामिल रहे। रासेयो के जिला संगठक और वीर गुण्डाधुर रक्तदाता समिति के संस्थापक शशिभूषण कन्नौजे ने बताया कि उनकी समिति 2019 से जरूरतमंदों को रक्तदान कर रही है। अब तक 700 से अधिक यूनिट रक्त दान कर चुकी है। उन्होंने इस सराहनीय पहल के लिए सभी सदस्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर, रक्तदाताओं को वीर गुण्डाधुर रक्तदाता समिति और जिला अस्पताल के ब्लड बैंक की ओर से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।



### मोदी के जन्मदिन पर अस्पताल में वितरित किए फल

फरसगांव। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा का बुधवार को नगर पंचायत में स्वच्छता अभियान के साथ शुरुआत हुई। इस अवसर पर भाजपा के कार्यकर्ता प्रातः 7 बजे से अस्पताल मैदान में एकत्रित हो गए। सभी ने नगर पंचायत अध्यक्ष एवं सीएमओ की अगुवाई में स्वच्छता की शपथ लेते हुए पखवाड़ा को आरंभ किए। भाजपाइयों ने सेवा पखवाड़े का आगाज अस्पताल मैदान एवं नगर के गांधी चौक की सफाई से किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन को मनाते हुए भाजपा के कार्यकर्ताओं ने अस्पताल में भर्ती मरीजों में फल का वितरण किया और उनके जल्दी स्वस्थ होने की कामना किए। प्रवीर बदेशा ने कहा कि सेवा पखवाड़ा भाजपा का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जो प्रतिवर्ष मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि सेवा ही पार्टी का एक मात्र ध्येय है। इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रवीर बदेशा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, सीएमओ मयंक बसंतवानी, उपाध्यक्ष मूलचंद पांडे, पार्षद संगीता राव, नरेंद्र गौर, विनोद पांडे, सुमन जायसवाल, महामंत्री प्रवीण राव, दीपेंद्र मसीह, गणेश दुग्गा, गणेश जायसवाल, उत्तम घोष, सुखलाल मरकाम हलाल आदि उपस्थित थे।



### कोंडागांव के खेलो इंडिया सेंटर में स्वच्छता अभियान



कोण्डागांव। खेल एवं युवा कल्याण विभाग, कोंडागांव द्वारा संचालित खेलो इंडिया सेंटर में बुधवार, 17 सितंबर को एक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान तीरंदाजी, जूडो, टेबल टेनिस, कराटे और बैडमिंटन के खिलाड़ियों ने प्रशिक्षकों और खेल संघों के साथ मिलकर परिसर की सफाई की। सुबह 6 बजे से 8 बजे तक चले इस अभियान में खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने न केवल खेल केंद्र की सफाई की, बल्कि अपने घरों, आसपास और खेल के मैदानों को भी नियमित रूप से साफ रखने का संकल्प लिया। वरिष्ठ खेल अधिकारी ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां खिलाड़ियों में अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ाती हैं।

### स्वस्थ नारी-सशक्त परिवारअभियान का शुभारंभ



कोण्डागांव। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 सितंबर को अपने जन्मदिन के अवसर पर स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का वर्चुअल माध्यम से पूरे देश में शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम को कोण्डागांव के जिला अस्पताल में भी प्रसारित किया गया, जहाँ बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और विधायक सुश्री लता उसेंडी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस अवसर पर जिला अस्पताल में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 19 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। विधायक और कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने रक्तदाताओं से मिलकर उन्हें प्रमाण पत्र दिए। इसके बाद, उन्होंने हमर लैब का भी निरीक्षण किया और पाया कि 115 में से केवल 55 प्रकार की जांचें ही हो पा रही हैं। उन्होंने बाकी जाँचें शुरू करने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। विधायक सुश्री उसेंडी ने प्रधानमंत्री को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि एक स्वस्थ समाज के लिए स्वस्थ और सशक्त नारी का होना जरूरी है। उन्होंने इस अभियान में सभी नागरिकों और जनप्रतिनिधियों से सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की। नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने भी सेवा पखवाड़ा में लोगों से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आग्रह किया। इस अवसर पर मनोज जैन, पार्षदगण सहित जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर के चतुर्वेदी एवं सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. प्रेम सिंह मंडावी, डीपीएम भावना महलवार उपस्थित रहे।

#### 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा अभियान

स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान कई महत्वपूर्ण गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। गर्भवती माताओं की स्वास्थ्य जाँच और मातृ-शिशु सुरक्षा कार्ड का वितरण। बाल मृत्यु दर कम करने के लिए 19 वर्ष तक के बच्चों की जाँच होगी। किशोरियों और महिलाओं में एनीमिया की पहचान कर उपचार और परामर्श देंगे लोगों को शादी की सही उम्र, व्यक्तिगत स्वच्छता और पोषण आहार के बारे में जागरूक करना। इस अभियान में विशेषज्ञ डॉक्टर, मेडिकल टीम, मोबाइल मेडिकल यूनिट और अन्य स्वास्थ्यकर्मी सक्रिय रूप से काम करेंगे।

# युवा कांग्रेस ने पीएम का जन्मदिन बेरोजगारी दिवस के रुप में बनाया



फरसगांव। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पिताम्बर नाग और ब्लॉक अध्यक्ष ललीत सलाम के नेतृत्व में युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष व बस्तर लोकसभा प्रभारी चकेश्वर गड़पाले की उपस्थिति में बुधवार 17 सितम्बर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को युवा कांग्रेस द्वारा राष्ट्रीय बेरोजगारी दिवस के रूप में मनाया। युकांइयों ने बैनर पोस्टर हाथ में पकड़ कर नारेबाजी करके बेरोजगारी दिवस के रूप में स्थानीय बस स्टैंड में प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष नाग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में करोड़ों युवाओं को चुनाव से पहले जो जुमले दिये थे, झूठे वादे किये थे। हर साल दो करोड़ रोजगार देने का वादा किया था। हर घर एक नौकरी भी देने की बात कही थी। परन्तु उन सभी वादों को देश के प्रधानमंत्री ने नजर अंदाज कर दिया है। जिस देश में 60-70 प्रतिशत युवा मतदाता है, उसी देश में युवाओं के साथ छल अत्याचार हो रहा है। जिसे लेकर आज युवा कांग्रेस ने देश के सभी बेरोजगार साथियो के समर्थन में हाथ में पोस्टर, बैनर लेकर बेरोजगारी दिवस के रूप में मनाया गया है। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष व बस्तर लोकसभा चकेश्वर गड़पाले, पिताम्बर नाग जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस कोंडागांव, ललित सलाम ब्लॉक अध्यक्ष युवा कांग्रेस फरसगांव,चरण मण्डावी प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ युवा कांग्रेस पूर्व जिला अध्यक्ष विशाल शर्मा, जिला सदस्य कलता मंडावी, पूर्व जिला सदस्य शिवलाल मंडावी , जनपद सदस्य विक्की दास, सोमनाथ पोटाई,बुधसन मरापी, प्रताप मरापी सहित अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थिति रहे।

# कांग्रेसी पहुंचे लैम्पस, खाद नहीं होने कारण लटका मिला ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

- कांग्रेस शासनकाल में किसानों में पर्याप्त मात्रा में मिल रही थी खाद



किसानों की खाद समस्या को लेकर युवा कांग्रेस की टीम ने आज कई लैप्पस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लैम्पसों में खाद नहीं होने के कारण ताला लटका मिला। युवा नेता जय वट्टी ने कहा किसान रोज चक्कर काट रहे है, लेकिन उन्हें लैम्पस बंद मिल रहे हैं। शासन, प्रशासन सहित कोई भी जिम्मेदार जवाब नहीं दे रहा है। किसानों को अपनी फसल को लेकर चिंता हो रही है।

जय वट्टी जब कांग्रेस के सरकार था तो किसानों के पर्याप्त मात्रा में खाद मिल रही थी। किसानों का कर्जा माफ कर दिया गया था। जिले के किसानों को डबल इंजन की भाजपा सरकार में इस वर्ष धान की बुवाई के समय से ही खाद की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। सहकारी समितियों और सरकारी वितरण केंद्रों पर यूरिया, डीएपी और पोटाश जैसे जरूरी खाद समय पर और पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। जिससे किसानों को निजी दुकानों और बाजारों से चार गुना दामों पर खाद खरीदनी पड़ रही है। युकांइयों का कहना है कि किसानों ने बताया कि सरकारी रेट पर खाद नहीं मिलने के कारण उन्हें 300 से 400 रुपए प्रति बैग की जगह 1500 रुपए तक में खाद खरीदनी पड़ी। अब इतने दाम में जरुरत के मुताबिक नहीं मिल रही है। इससे उनकी खेती की लागत कई गुना बढ़ गई है। फसल की पैदावार पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

#### स्टाक खत्म का दिख रहा बोर्डः किसान

किसानों का कहना है कि वे कई दिनों से समितियों और डिपो के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें केवल 'स्टॉक खत्म है' का जवाब मिल रहा है। कुछ स्थानों पर खाद वितरण में धांधली और बिचौलियों की मिलीभगत की भी आशंका जताई जा रही है। जिला अध्यक्ष बोधन देवांगन ने कहा कि किसानों की मांग के अनुसार जिले में खाद की आपूर्ति तत्काल प्रभाव से बढ़ाई जाए वितरण प्रक्रिया पारदर्शी और सुचारू बनाई जाए।

#### आर्थिक क्षति का मुआवजा दिया जाए

युवा नेता जय वट्टी ने ये भी कहा यह समस्या केवल कृषि को ही नहीं, बल्कि किसानों की आजीविका और जिले की खाद्य सुरक्षा को भी प्रभावित कर सकती है। प्रशासन और राज्य सरकार इस मामले में शीघ्र हस्तक्षेप कर आवश्यक कदम उठाए जाएं। अन्यथा हम युवा कांग्रेस आंदोलन करेंगी। साथ किसानों को इससे होने वाली आर्थिक क्षति का मुआवजा दिया जाए। निरीक्षण के दौरान पार्षद जय वट्टी, जिला अध्यक्ष बोधन देवांगन, जिला महासचिव दीपक गांधी, पप्पू ठाकुर, मिथलेश साहू,मनोज सेन, राजकुमार नूरेटी,बीरू सलाम, कृष्णा देवांगन, प्रकाश देवांगन,महेश पोयाम, बिस्मा दुग्गा, सुक्कू सलाम,नितेश नूरेटी, हिमांगत ध्रुव सहित अन्य मौजूद रहे।

## चिलपुटी नदी किनारे दबिश, एक चेन माउंटेन और दो हाईवा जब्त



कोण्डागांव। खनिज विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने सोमवार को चिलपुटी नदी किनारे दबिश देकर अवैध रेत उत्खनन और परिवहन में लिप्त वाहनों को पकड़ा। कार्रवाई के दौरान एक चेन माउंटेन और दो हाईवा वाहन जब्त किए गए। सहायक खनिज अधिकारी गौतम नेताम ने बताया कि मौके पर अवैध रूप से रेत का उत्खनन, भंडारण और परिवहन करते हुए वाहनों को पकड़ा गया। वाहनों के मालिक दीपक पटेल निवासी कोंडागांव के खिलाफ खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। जब्त वाहनों को आगे की कार्रवाई के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में जमा कराया गया है। अधिकारियों ने कहा कि अवैध उत्खनन पर रोक लगाने के लिए लगातार कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इस मामले में आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि अवैध खनन पर पूरी तरह नकेल कसी जा सके।

## शिक्षक के लिए पालकों ने कलेक्टर को दिया आवेदन



फरसगांव। नगर के जनपद प्राथमिक अंग्रेजी माध्यम स्कूल में तीन शिक्षक के भरोसे 100 से अधिक बच्चे पढ़ाई कर रहे है। पांच कक्षाओं के लिए मात्र 3 ही शिक्षक है ऐसे में बच्चों को पढ़ाई प्रभावित हो रही है। पालकों ने मंगलवार को स्कूल में अतिरिक्त शिक्षक की मांग के लिए कोंडागांव जाकर कलेक्टर को आवेदन दिए है। पालकों ने बताया कि जनपद प्राथमिक शाला अंग्रेजी माध्यम फरसगांव में बच्चों की दर्ज संख्या 100 से अधिक है और स्कूल में पांच कक्षाएं लगाती। और स्कूल में मात्र तीन ही शिक्षक है। ऐसे में सभी कक्षाओं में एक ही समय पर शिक्षक बच्चों को ठीक से नहीं पढ़ा पा रहे है। जबकि पांच कक्षाओं और दर्ज संख्या के अनुसार कम से कम स्कूल में पांच शिक्षक होने चाहिए। शिक्षक की कमी से बच्चों का पढ़ाई प्रभावित हो रहा है। पिछले वर्ष मात्र दो ही शिक्षक थे। पालकों के द्वारा बच्चों की पढ़ाई ठीक से हो सके इस लिए स्कूल के लिए दो अतिरिक्त शिक्षक की मांग की गई है। पालकों के द्वारा इससे पूर्व फरसगांव के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को शिक्षक की मांग हेतु पालकों के द्वारा आवेदन दे चुके हैं फिर भी आज तक उन्होंने ध्यान नहीं दिया है।

## मयूरडोंगर में हेमंत के पुत्र के जन्मदिन पर नेवताभोज



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

प्राथमिक माध्यमिक शाला एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मयूरडोंगर में व्याख्याता हेमंत देहारी द्वारा उनके पुत्र के जन्मदिन पर विशेष नेवताभोजन का आयोजन किया गया।

आयोजन में बच्चों और शिक्षकों को प्रेमपूर्वक आमंत्रित कर स्वादिष्ट व्यंजन परोसे गए। थाली में खीर, पूरी, दाल, चावल, काबुली छोले-चना की सब्जी, सलाद और पापड़ आदि शामिल थे। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक भी बच्चों के साथ पंक्ति में बैठकर भोजन का आनंद लेते नजर आए। बच्चों ने इस अनूठे आयोजन को यादगार बताते हुए खुशी जताई। आयोजन में संकुल समन्वयक दुर्गा शंकर दीवान, वरिष्ठ व्याख्याता जमील खान, व्याख्याता यशवंत देवांगन, श्रीमती रीता प्रधान, सुषमा पात्र, सारिका कश्यप, कु. दुलेश्वरी दर्रो, हेमंत देहारी, संजीव तालुकदार ,उमाकांत दीवान, राजू मरकाम, श्री नाग, चंद्र रेखा ध्रुव, प्रमानन्द वैद्य, भारत देवांगन तथा विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ सहभागी रहा।

# बालगृह को अपग्रेड किया जाए और बच्चों का बनवाएं पासपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



मिशन वात्सल्य के तहत गठित जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति और स्पॉन्सरशिप एवं फॉस्टर केयर अनुमोदन समिति की तिमाही बैठक कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद बालगृह बालिका को दिए गए 50 सीटों वाले पोस्ट मैट्रिक छात्रावास को अपग्रेड करने के निर्देश दिए गए। जिन बच्चों को विदेशी प्रशिक्षण और खेल एक्सपोज़र के लिए जाना है, उनके पासपोर्ट बनवाने के निर्देश दिए गए। स्पॉन्सरशिप योजना एसबीआई फाउंडेशन से प्राप्त मेडिकल मोबाइल यूनिट द्वारा पहचाने गए 20 ग्राम पंचायतों के पात्र बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना से लाभान्वित करने के लिए चिन्हित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने प्रेजेंटेशन पीपीटी के माध्यम से विभाग से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी। लंबित मामले किशोर न्याय बोर्ड में लंबित 53 मामले और बाल कल्याण समिति में लंबित 2 मामलों का जल्द से जल्द निपटारा करने के निर्देश दिए गए। बाल देखरेख संस्थाओं में रह रहे बच्चों और उनकी उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी गई। स्पॉन्सरशिप अनुमोदन जिले के विभिन्न गाँवों के 23 बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ देने के लिए समिति द्वारा अनुमोदन किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, जिला कार्यक्रम अधिकारी अवनी बिस्वाल उपस्थित रहे।

#### आंगनबाड़ी केंद्र बनियागांव को किया सम्मानित

इस अवसर पर जिले के बनियागांव ग्राम पंचायत के नयापारा आंगनबाड़ी केन्द्र को सुसज्जित करने एवं चाइल्ड फ्रेन्डली बनाने के लिए सरपंच श्रीमती सकिला पोयाम एवं सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती इन्द्रावती ध्रुव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती बुधेश्वरी कोर्राम एवं सहायिका सुश्री सेवती कोर्राम को कलेक्टर द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# अंगीकार 2025 में आवास दिवस का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के एक साल पूरे होने पर, नगर पालिका परिषद कोण्डागांव में अंगीकार 2025 के तहत आवास दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा रायपुर से किए गए राज्य स्तरीय वर्चुअल कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश डे और पार्षदगण उपस्थित थे। इस अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में जागरुकता बढ़ाना, नए आवेदनों को तेजी से मंजूरी देना और पुराने स्वीकृत आवासों का निर्माण जल्द पूरा कराना है। अंगीकार 2025 का लक्ष्य पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ भी प्रधानमंत्री आवास योजना लाभार्थियों तक पहुँचाना है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 के तहत अपने आवास का निर्माण पूरा कर चुके लाभार्थियों को अध्यक्ष और उपाध्यक्ष द्वारा पूर्णता प्रमाण पत्र और चाबियां सौंपी गईं। वहीं, प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के नए लाभार्थियों को भवन अनुज्ञा की प्रतियाँ दी गईं।

## प्राकृतिक आपदा से पीड़ित परिवारों को मिली 12 लाख की आर्थिक सहायता

कोण्डागांव। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने प्राकृतिक आपदा से जान गंवाने वाले 3 लोगों के परिवारों को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत कुल 12 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि दी है। यह सहायता राशि सीधे मृतकों के वारिसों के बैंक खातों में भेजी जाएगी। जिन परिवारों को यह मदद मिली है, वे इस प्रकार हैं लक्ष्मण नेताम ग्राम कोरहोबेड़ा, तहसील कोंडागांव। पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके बेटे सुधाय नेताम को 4 लाख की सहायता दी गई है। सोमारू नेताम ग्राम चलका, तहसील कोंडागांव। पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी प्रेमबती नेताम को 4 लाख की सहायता दी गई है। गगन ग्राम घोड़ागांव, तहसील कोंडागांव। पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी माता संतोषी और पिता दयाराम को 4 लाख की सहायता दी गई है। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को निर्देश दिया है कि इस राशि को जल्द से जल्द लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजा जाए।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 18 सितंबर 2025

10 पीएम के 75वें जन्मदिन पर नमो की तर्ज पर लगाए ...



10 चिलपुटी नदी किनारे दबिश, एक चेन माउंटेन ...





## खबर संक्षेप



### विश्वकर्मा जयंती सेजस करीतगांव में मनाई गई

**भोण्ड।** व्यवसायिक शिक्षकों के द्वारा 17सितंबर को विश्वकर्मा जयंती का आयोजन किया गया। जिसमें मंत्र उपचार के साथ भगवान विश्वकर्मा की पूजा विधिवत की गई। उपकरणों और यंत्रों की तिलक लगा कर पूजा अर्चना कर व बच्चों को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था की प्राचार्या मोनिता पाणिग्रही के साथ व्यवसायिक शिक्षक लोकेश निषाद एवं वाणी हुमने मौजूद रहीं। विशेष अतिथि के रूप में श्रवण देवांगन प्राचार्य हाई स्कूल नलपावंड रहे। कार्यकम को सफल बनने में रियाज़ अली, सुनीता व तुषार साहू ने सहयोग किया। संस्था के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं आयोजन में सम्मिलित हुए।

### शासकीय कन्या विद्यालय बस्तर को मिला कंप्यूटर सेट



**बस्तर।** नगर पंचायत बस्तर के शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में एक महत्वपूर्ण अवसर पर छात्राओं की मांग को ध्यान में रखते हुए विद्यालय को कंप्यूटर सेट प्रदान किया गया। यह सराहनीय पहल नगर पंचायत अध्यक्ष देवकी भद्रे एवं उपाध्यक्ष अनिल परिहार के द्वारा की गई। इस अवसर पर पार्षद नरसिंग नाग, समीर मिश्रा, विद्यालय के प्राचार्य चंद्रभान मिश्रा, समस्त शिक्षकगण एवं विद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं। कंप्यूटर सेट प्रदान किए जाने से विद्यालय में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा तथा छात्राओं को आधुनिक तकनीकी ज्ञान प्राप्त करने में सुविधा होगी। प्राचार्य चंद्रभान मिश्रा ने नगर पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग छात्राओं के भविष्य को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा



**बीजापुर।** एक्सटेंशन रिफाम्स आत्मा योजनान्तर्गत किसान मित्रों का 1 दिवसीय प्रशिक्षण सह वैज्ञानिक परिचर्चा कृषि विज्ञान केन्द्र पनारापारा मे आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में कृषि विभाग में संचालित समस्त योजनाओं की जानकारी दी गई एवं निर्देश भी दिए गयें। जिसमें एग्री स्टेक किसान पंजीयन, राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन, किसान क्रेडिट कार्ड, कृषक उन्नति योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान समृध्दि योजना सौर सुजला योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड एवं आत्मा योजना के विभिन्न गतिविधियों के संबंध में तथा अन्य योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्राकृतिक खेती के अन्तर्गत जीवामृत, बीजामृत, घनाजीवामृत,नीमास्त्र, ब्रम्हास्त्र आदि का जीवन्त प्रदर्शन करके दिखाया गया एवं प्राकृतिक खेती करने के लाभ एवं महत्व के बारे में बताया गया। प्राकृतिक खेती जहर मुक्त खाद्यान उत्पादन करने एवं कम लागत मे खेती करने का बेहतर उपाय है, इस हेतु जिले के अन्य कृषकों के मध्य प्रचार-प्रसार करने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम में उप संचालक कृषि पीएस कुशरे, अनुविभागीय, कृषि अधिकारी. चुनेन्द्र प्रकाश, सहायक संचालक कृषि कृष्णा कुमार सिन्हा, प्रमुख वैज्ञानिक एवं कार्यक्रम संन्वयक. अरूण सकनी, उषा दुर्गन डीपीडी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# चलेगी महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य को सशक्त करने की पहल

## बस्तर में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार के तहत अभियान प्रारम्भ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित स्वस्थ नारी,सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश राज्य के धार जिला से किया। इस स्वस्थ नारी,सशक्त परिवार अभियान का संचालन 2 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से प्रारंभ होकर गांधी और शास्त्री जयंती के अवसर पर समाप्त होगा। बस्तर जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने इस राष्ट्रव्यापी पहल को प्रभावी ढंग से लागू करते हुए जिले की महिलाओं,किशोरियों और बच्चों के स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ कर उनको स्वास्थ्य लाभ दिया जाएगा। शहर के पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाउन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से जोड़ा गया था । जिला स्तरीय कार्यक्रम में सांसद महेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री, देश और समाज के हित के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व विधायक किरण सिंह देव ने कार्यक्रम में 75 वर्ष की आयु पूरा करने वाले प्रधानमंत्री को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 11 साल से अधिक अवधि में देश को वैश्विक पटल पर भारत देश को ऊँचाई दी।

### सशक्त परिवार का लिया शपथ

कार्यक्रम में महापौर संजय पांडेय, सभापति खेम सिंह देवांगन, एमआईसी के सदस्य,गणमान्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर हरिस एस,सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन,नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा, संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ एसके पामभोई, सीएमएचओ डॉ संजय बसाक सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, योजनाओं के हितग्राहियों की उपस्थिति में स्वस्थ नारी,सशक्त परिवार का शपथ लिया गया।



### महिलाओं और बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों में उच्च रक्तचाप, मधुमेह,कैंसर,एनीमिया, क्षय रोग और सिकलसेल रोग की सघन स्क्रीनिंग और उपचार सुनिश्चित करना है। बस्तर में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, जिला चिकित्सालयों और मेडिकल कॉलेजों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में निःशुल्क चिकित्सा जांच,गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व जांच, टीकाकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्ड वितरण और किशोर-किशोरियों के लिए स्वास्थ्य परामर्श सत्र आयोजित होंगे।

## पीएम के जन्मदिवस से भाजपा संगठन विभिन्न कार्यक्रम करेगा आयोजित

# वृहद स्वच्छता अभियान के साथ भाजपा ने किया सेवा पखवाड़ा का भव्य आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को 75 वर्ष के हो गए। भारतीय जनता पार्टी ने इस उपलक्ष्य में 15 दिन से ज्यादा समय के लिए 'सेवा पखवाड़ा' शुरू किया है। इसी परिपेक्ष्य में स्वच्छता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक और पूर्वी मंडल के स्वच्छता प्रभारी राजा यादव के नेतृत्व में शहर के महाराणा प्रताप चौक में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया।

- प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश उत्तरोत्तर विकसित हो रहा है : किरण देव

स्वच्छता अभियान में प्रदेश अध्यक्ष विधायक किरण देव, सांसद महेश कश्यप, महापौर संजय पांडे, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, पूर्वी मंडल के अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में पार्षद और भाजपा कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। इस दौरान भाजपाइयों ने महाराणा प्रताप चौक के आसपास क्षेत्र में साफ सफाई की तथा महाराणा प्रताप की आदमकद प्रतिमा को स्वच्छ किया। ज्ञात रहे कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के साथ ही भाजपा के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष किरण देव का भी जन्मदिवस है। इसलिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान से पूर्व किरण देव को पुष्प गुच्छ और पुष्पहार तथा आतिशबाजी कर जन्मदिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर देव ने कहा कि सेवा पखवाड़े में भाजपा कार्यकर्ता रक्तदान, स्वच्छता अभियान, एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा रोपण और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए मेलों और बुद्धिजीवियों के समागम तक कई तरह के जन संपर्क, कल्याण, विकास और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेंगे। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने का विजन लेकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत अब किसी भी देश के दबाव को सहने वाला नही है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान यह दिखा दिया है। महापौर संजय पांडे ने कहा भाजपा कार्यकर्ता राजनीति को सेवा का क्षेत्र मानते हैं। इस सेवा पखवाड़े में हमें नगर को सुंदर और स्वच्छ बनाने का संकल्प लेना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता को एक अभियान बना दिया है उनके इस अभियान को जन जन तक पहुंचाने और उसे पूरा करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है ।



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम के पश्चात पूर्वी मंडल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव ने सभी लोगों के प्रति आभार प्रकट करते हुए,सेवा पखवाड़े के तहत आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से प्रदेश संयोजक स्वछता प्रकोष्ठ शंभु लाल गुप्ता,पूर्व जिला अध्यक्ष विद्याशरण तिवारी व मंडल, जिला संयोजक राजा यादव पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अरनपुर में ग्रामीण की हत्या आपसी रंजिश का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नकुलनार



दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नीलावाया पटेलपारा में मंगलवार रात हुई हत्या की घटना ने आसपास के गांवों में दहशत फैला दी। घटना की नृशंसता देखकर नक्सली वारदात की आशंका जताई जा रही थी। लेकिन पुलिसिया पड़ताल ने इस पूरे मामले की सच्चाई जांच में उजागर कर दी। पुलिस के अनुसार यह घटना नक्सली नहीं, बल्कि आपसी रंजिश का परिणाम है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान बंडी कोर्राम पिता मुक्का कोर्राम उम्र 55 नीलावाया पटेलपारा के रूप में हुई है। घटना के बाद मौके पर पुलिस ने ग्रामीणों के बयानों और घटनास्थल से प्राप्त साक्ष्यों से बताया कि मृतक का आरोपियों से लंबे समय से विवाद चल रहा था। यही पुरानी रंजिश इस दर्दनाक वारदात की मुख्य वजह बनी।

### मामला दर्ज, आरोपियों की तलाश जारी

थाना अरनपुर में इस घटना पर अपराध दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम सक्रिय रूप से आरोपियों की तलाश कर रही है और जल्द ही गिरफ्तारी की संभावना जताई जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा और उन्हें कानून के तहत कड़ी सजा दिलाई जाएगी।

### नक्सली संलिप्तता से इंकार

दंतेवाड़ा जैसे संवेदनशील जिले में किसी भी हत्या की घटना को अक्सर नक्सलियों से जोड़कर देखा जाता है। शुरुआती आशंका भी इसी दिशा में थी। हालांकि अरनपुर पुलिस ने विवेचना और गहन जांच कर स्पष्ट कर दिया कि इसमें नक्सलियों की कोई भूमिका नहीं है।

# बाह्यस्त्रोत कर्मचारियों से बोनस व वेतन से जबरन पैसे वसूल रहा सुपरवाइजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

ठेकेदार के सुपरवाइजर बीजापुर जिले में विद्युत कंपनी के बीजापुर, मददेड़, भोपालपटनम के वितरण केन्द्र एवं उप संभाग में तैनात बाह्यस्त्रोत कर्मचारियों से जबरन बोनस एवं वेतन से पैसे वसूल रहे हैं। पैसा नहीं देने पर नौकरी से हटाने की धमकी दे रहे हैं। कर्मचारियों ने इसकी शिकायत विद्युत कंपनी बीजापुर संभाग के कार्यपालन अभियंता से लिखित में दी। बीजापुर जिले के विद्युत कंपनी उप संभाग मद्देड़, वितरण केन्द्र मददेड़, भोपालपटनम के अन्तर्गत बाह्यस्त्रोत से कार्यरत कुशल, अकुशल कर्मचारियों को माह जून, जुलाई से वेतन के साथ बोनस की राशि भी वैष्णवी ट्रैडर्स जगदलपुर द्वारा दिया जा रहा है। ट्रैडर्स के सुपरवाईजर सुनील सिंह द्वारा बार-बार फोन के माध्यम से बोनस की राशि आईटीआई 1000 एवं अकुशल कर्मचारियों 887 रूपए मांगा जा रहा है। रूपए नहीं देने पर निकालने की धमकी दिया जा रहा है। वर्ल्ड क्लास के सुपरवाइजर घनश्याम देशमुख द्वारा बाह्यस्त्रोत कर्मचारियों को वेतन देने के बाद 700 रूपए प्रतिमाह वापस मांगा जा रहा है, नहीं देने पर कम्पनी से निकाल देने की धमकी दे रहे हैं। इस तरह से सुपरवाइजर द्वारा मानसिक प्रताड़ना किया जा रहा है, साथ ही बाह्यस्त्रोत के लिए कार्य से निकाले जाने का डर बना रहता है।



### ठेकेदार पर होगी कार्रवाई

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम ने ठेकेदार के सुपरवाइजर द्वारा बाह्यस्त्रोत कर्मचारियों से पैसे मांगने की शिकायत पर कहा कि ठेकेदार पर कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए बीजापुर के कार्यपालन अभियंता को निर्देश दिए जा रहे हैं।

# बीजापुर के पश्चिमी क्षेत्र में मुठभेड़, दो नक्सली ढेर

**जगदलपुर।** बीजापुर जिले के पश्चिमी क्षेत्र में सुरक्षा बलों एवं माओवादियों के बीच बुधवार दोपहर 3 बजे से रूक-रूककर जारी फायरिंग के बीच सुरक्षाबलों ने दो वर्दीधारी नक्सलियों को मार गिराया है। इसकी पुष्टि करते हुए आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि मुठभेड़ स्थल दो वर्दीधारी नक्सलियों के शव के अलावा से 303 रायफल, बीजीएल लांचर सहित विस्फोटक सामग्री एवं नक्सल संबंधी अन्य सामान भी बरामद किए गए। पुलिस को बीजापुर जिले के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। अभियान के दौरान दोपहर से सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम और माओवादियों के बीच रुक-रुककर फायरिंग जारी है। आईजी ने बताया कि अब तक सर्च ऑपरेशन के दौरान मुठभेड़ स्थल से 2 माओवादियों के शव के अलावा हथियार, विस्फोटक एवं अन्य नक्सल सामग्री बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि चूंकि ऑपरेशन अभी जारी है, इसलिए मुठभेड़ के स्थान व ऑपरेशन में शामिल सुरक्षाबलों की संख्या तथा अन्य संवेदनशील जानकारी इस समय साझा नहीं की जा सकती, ताकि ऑपरेशन में लगे जवानों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। फोर्स के लौटने व ऑपरेशन पूर्ण होने के पश्चात विस्तृत रिपोर्ट अलग से साझा की जाएगी।

# ओजोन परत के क्षरण से होने वाली हानियों के बारे में विद्यार्थियों ने जाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़े मुरमा में युवा इको क्लब एवं एपीजे अब्दुल कलाम विज्ञान क्लब के संयुक्त तत्वावधान में ओजोन परत दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित हुआ। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देशानुसार जिलाधीश हरीश एस जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल, डीएससी अखिलेश मिश्रा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम हुआ। शुरुआत पर्यावरण गीत के साथ हुई। सभी बच्चों को ओजोन परत दिवस विशेष पर व्याख्याता समीर नाग ने ओजोन क्या है। ओजोन परत के क्षरण से होने वाली हानियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। व्याख्याता डीके देवांगन ने बच्चों को ओजोन परत को बचाने के प्रयास तथा वैकल्पिक उपायों की जानकारी दी। छात्र- छात्राओं ने इस अवसर पर अपने विचार प्रस्तुत किया। साक्षी कश्यप ने ओजोन परत दिवस पर अपने भाषण में कहा कि हमें सब मिलकर पर्यावरण की रक्षा करें। प्राचार्य अरविंद त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें और उनकी देखभाल भी करें। साथ ही,स्वच्छता पखवाड़ा का आगाज करते हुए सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई।



### पर्यावरण संरक्षण का लिया गया संकल्प

विज्ञान कार्यक्रम प्रभारी मनीष कुमार अहीर ने विद्यालय में आयोजित ऐसे कार्यक्रमों के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि विद्यालयों में छात्रों को जागरूक बनाकर ही हम पर्यावरण एवं ओजोन परत जैसी समस्याओं के समाधान की दिशा में जागरुकता फैला सकते हैं। पूरे कार्यक्रम का संचालन युवा एवं इको क्लब विज्ञान क्लब प्रभारी मनीष कुमार अहीर ने किया। कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

## गुलदस्ता और 1 रुपए का सिक्का भेंट करने का प्रयास किया गया

# सैकड़ों युवा कांग्रेसियों ने मानव श्रृंखला बनाकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के आह्वान पर बस्तर जिला युवा कांग्रेस ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को राष्ट्रीय बेरोजगारी दिवस के रूप में मनाते हुए बस्तर की धरती से बेरोजगार युवाओं की आवाज बुलंद की। जिला अध्यक्ष अजय बिसाई के नेतृत्व में सैकड़ों युवा कांग्रेसियों ने राजीव भवन के समक्ष मानव श्रृंखला बनाकर जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन उपरांत युवा कांग्रेसी जुलूस की शक्ल में कलेक्टोरेट पहुंचे, जहां अपर कलेक्टर बघेल को प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर गुलदस्ता और 1 रुपए का सिक्का भेंट करने का प्रयास किया गया। यह प्रतीकात्मक संदेश था कि जब मोदी सरकार बिहार में अडानी जैसे उद्योगपतियों को मात्र 1 रुपए में 1050 एकड़ जमीन 33 साल की लीज पर दे सकती है, तो फिर बस्तर के बेरोजगार युवाओं को भी 1 रुपए में शासकीय जमीन लीज पर दी जाए, ताकि वे भी आत्मनिर्भर हो सकें। बिसाई ने कहा 2014 में मोदी ने हर वर्ष 2 करोड़ रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन बीते 11 वर्षों में उन्होंने युवाओं से सिर्फ विश्वासघात किया। आज बेरोजगारी दर 45 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ चुकी है और भारत को 'सबसे ज्यादा बेरोजगारों वाला मोदीकाल' बना दिया गया है। देश के करोड़ों बेरोजगार युवाओं के लिए मोदी का जन्मदिन अब राष्ट्रीय बेरोजगारी दिवस के रूप में दर्ज हो चुका है।बिहार में अडानी की बेरोजगारी मोदी ने मिटा दी, लेकिन देश के करोड़ों युवाओं को उन्होंने बेरोजगार और निराश बना दिया है। अगर मोदी सरकार उद्योगपतियों को 1 रुपए में जमीन दे सकती है तो बस्तर के युवाओं को भी 1 रुपए में लीज पर शासकीय जमीन दे। वरना आने वाले समय में बेरोजगार युवा सड़कों पर उतरकर मोदी सरकार के खिलाफ निर्णायक संघर्ष छेड़ेंगे। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में युवा कांग्रेसी शामिल रहे और उन्होंने मोदी सरकार को बेरोजगार युवाओं का सबसे बड़ा गुनहगार बताया।



### इनकी रही मौजूदगी

कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रवक्ता जावेद खान, संगठन महामंत्री शेख जाहिद हुसैन, निगम उप नेता प्रतिपक्ष कोमल सेना, ग्रामीण जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक डेविड, वरिष्ठ नेता गौरनाथ नाग, एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य सिंह बिसेन, महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव साइमा अशरफ, पार्षद सूर्या पानी, शुभम यद्धु, ज्योस्टीन भवानी, आभास महंती, निकेत राज झा, सुषमा सुता, एस नीला, बी ललिता राव, माही श्रीवास्तव, अंजुम हुसैन, आसना पंचायत प्रतिनिधि रोहित पाणिग्राही, लव मिश्रा एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जुआ खेलते 4 लोग पकड़े गए, नकद बरामद



**गीदम।** अपराधों की रोकथाम एवं असामजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं गोविन्द दीवान एसडीओपी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी विजय पटेल के नेतृत्व में गीदम पुलिस लगातार कार्यवाही कर रही है। पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि कड़तीपारा गीदम में सार्वजनिक स्थान पर स्ट्रीट लाईट के नीचे कुछ लोग तास की पत्ती पर पैसे का दांव लगाकर हार जीत का जुआ खेल रहे है और वे लोग आस पास अपनी मोटर सायकल स्कूटी को रखे हुए है। सूचना से थाना प्रभारी को अवगत कराया गया। थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम गठित कर मुखबीर के बताये स्थान पहुंचकर देखा कि स्ट्रीट लाईट के नीचे सार्वजनिक स्थान पर प्लास्टिक त्रिपाल बिछाकर कुछ लोग तास पत्ती पर पैसे लगाकर हार जीत का दांव खेल रहे थे। घेराबंदी कर पकड़ कर जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में कुल 4 आरोपियों को पकड़ा गया। उनके पास से 13200 रुपए व ताश की 52 पत्ती नीले रंग का प्लास्टिक का त्रिपाल एवं घटना स्थल के आस-पास में खड़े स्कूटी व मोटर सायकल को जब्त कर कब्जा में लिया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी विजय पटेल, उप निरीक्षक शशिकांत यादव एवं टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### बस्तर संभाग के पहले फीडे आर्बिटर बने तरुण

जगदलपुर। बस्तर संभाग के लिए यह गौरव का अवसर है कि तरुण



सारथी ने अंतर्राष्ट्रीय शतरंज संगठन से फीडे आर्बिटर का खिताब प्राप्त किया है। वे बस्तर संभाग के पहले शख्स बने हैं जिन्हें यह सम्मान हासिल हुआ है। तरुण सारथी ने यह उपाधि कई फीडे रेटेड टूर्नामेंटों में भाग लेते आवश्यक नॉर्म्स अर्जित कर काफी कठिन माने जाने वाले सेमिनार अहर्ता को सफलतापूर्वक पूरा किया। इस उपलब्धि के बाद अब वे विश्व स्तर पर होने वाले आयोजनों जैसे ग्रैंड मास्टर टूर्नामेंट एवं अन्य बड़े अंतरराष्ट्रीय शतरंज आयोजनों में आर्बिटर की भूमिका निभा सकेंगे। बता दें कि तरुण सारथी लंबे समय से बस्तर क्षेत्र में शतरंज प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिताओं आयोजन में सक्रिय रहे हैं। शतरंज के प्रचार-प्रसार और नई पीढ़ी को इस खेल से जोड़ने में उनका योगदान उल्लेखनीय और प्रेरणादायी है। उनकी महत्वपुर्ण उपलब्धि पर जिला शतरंज संघ बस्तर एवं इसके पदाधिकारियों शशांक शेंडे, हितेश तिवारी, राजेश जेना, अभिनव जेना, पूर्णिमा सरोज, अशोक तिवारी, सोनु पाण्डेय सहित अन्य सदस्यों ने हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई दी।

### स्कूली बच्चों को बांटे स्टेशनरी कीट



जगदलपुर। छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ जिला बस्तर के द्वारा बस्तर जिले के बाढ़ प्रभावित ग्राम मांदर में आवश्यक कपड़े तथा स्कूली बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरण किया गया। जिलाध्यक्ष तुलादास मानिकपुरी के मार्गदर्शन में ग्राम मांदर के प्रभावित 96 परिवारों को कंबल एवं आवश्यक कपड़े आदि बांटे। साथ ही प्राथमिक तथा पूर्व माध्यमिक शाला के करीब पचास बच्चों को आवश्यक कॉपी,पेन,पेन्सिलरबर, कटर सहित पाठ्य सामग्री कीट का वितरण किया गया। इस दौरान संघ के जिला सचिव नीलमणी साहू, जिला कोषाध्यक्ष मनीष अहीर, ब्लाक अध्यक्ष सितेंद्र कुमार साहू, रोमांचल चंद्रा, शिव बर्मन, मन्नतो साहू, लोकेश चंद्रा, उदित नारायण चंद्रा, मोती लाल सोरी सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### आरटीओ कार्यालय के 5 कर्मियों ने किया रक्तदान



जगदलपुर। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव दिवस पर शहर के शासकीय जिला महारानी अस्पताल में रक्तदान शिविर में परिवहन विभाग के आरटीओ कार्यालय के 5 कर्मचारियों ने रक्तदान किया गया। इस दौरान महापौर संजय पांडे, पूर्व महापौर सफीरा साहू, आरटीओ डीसी बंजारे, कार्यालय के अन्य अधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे।

## विधायक एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के जन्मोत्सव पर मंदिर में पूजा-अर्चना कर लिया आशीर्वाद

# किरण ने राजनीति को जनसेवा का सशक्त माध्यम बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर





बस्तर की मिट्टी से प्रदेश की राजनीति तक का सफर छत्तीसगढ़ भाजपा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक किरण देव का जन्मदिन केवल एक तिथि का उत्सव नहीं, बल्कि उन मूल्यों और आदर्शों का अभिनंदन है जिनके बल पर उन्होंने

- दंतेश्वरी मंदिर, देवड़ा मंदिर समेत अन्य देवालयों में टेका मत्था
- विधायक निवास में समर्थकों व विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक, अधिकारी-कर्मचारी संगठन के लोगों की बधाई देने जुटी भीड़

राजनीति को जनसेवा का सशक्त माध्यम बनाया है। यही क्षरण है कि समूचे बस्तर और प्रदेश के लाडले विधायक को आज उनके जन्मदिन पर हजारो की संख्या में राजनीति दल, समाजिक, व्यापारिक, नौकरी पेशा से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी और दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रो से पहुंचे समर्थकों की भीड़ विधायक निवास में जुटी थी। गज माला, फूलों के हार से लदे रहे। शहर में जगह-जगह आतिशबाजी से उनका स्वागत होता रहा।

जनजातीय अंचल की साधारण पृष्ठभूमि से निकलकर प्रदेश की राजनीति के शिखर तक पहुंचना आसान नहीं था लेकिन किरण देव ने कठिनाइयों को कभी अपने सपनों के आड़े नहीं आने दिया। बस्तर की मिट्टी में पले-बढ़े इस बेटे ने हमेशा जनता की पीड़ा को महसूस किया और उसके समाधान के लिए संकल्पित रहे। देव की राजनीतिक यात्रा पीजी कॉलेज जगदलपुर के छात्रसंघ अध्यक्ष के रूप में शुरू हुई। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष, अध्यक्ष, भाजपा के जिला अध्यक्ष, नगर निगम के महापौर, प्रदेश मंत्री, प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद उनका संकल्प और भी व्यापक हो गया है। उनका मानना है कि राजनीति केवल सत्ता पाने का साधन नहीं, बल्कि समाज सेवा का सबसे प्रभावी मार्ग है। वे भाजपा संगठन को परिवार की तरह मजबूत करना चाहते हैं और युवाओं को राजनीति की मुख्यधारा से जोड़ना उनका प्रमुख लक्ष्य है। उनका विश्वास है कि भाजपा की असली ताकत कार्यकर्ता हैं और कार्यकर्ताओं की ऊर्जा ही संगठन को नई ऊंचाईयों तक ले जाती है। प्रेरक व्यक्तित्व किरण देव का जीवन हमें यह सिखाता है कि नेता वही है जो जनता के बीच रहे, उनके सुख-दुख में सहभागी बने और संगठन को परिवार की तरह जोड़े। राजनीति की भीड़ में भी उनका सहज और आत्मीय व्यक्तित्व हर दिल को छू लेता है। इस दौरान विधायक को उनके जन्मदिन पर सांसद महेश कश्यप, छग बेवरेज निगम के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, प्रदेश उपाध्यक्ष जी वेंकट, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, महापौर संजय पांडे, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, श्रीनिवास मिश्रा, रजनीश पाणिग्राही, प्रदीप देवांगन, संग्राम सिंह राणा, योगेंद्र पांडे, आशुतोष (रिंकू) पांडे, श्रीपाल जैन, गोविंद ईनाणी, विवेक जैन, रैतुराम कश्यप, रितेश पट्टजोशी, मनोहर तिवारी, राजेश श्रीवास्तव, शैलेन्द्र यदु, शैलेन्द्र भदौरिया, कुमार विजित सिहंदेव, योगेश ठाकुर, निखिल जैन, काजल साहू, निर्मल पाणिग्राही, अविनाश सिंह गौतम, सुरेश गुप्ता, नरसिंग राव, त्रिवेणी रन्धारी, उमा मिश्रा, आलोक अवस्थी, संजय विश्वकर्मा, अमित दास, कलावती कसेर समेत बड़ी संख्या लोग सम्मलित थे।

### विधायक ने पूर्व माध्यमिक शाला भैरमगंज के बच्चों को दिया न्यौता भोज




विधायक किरण देव ने अपने जन्मदिन के अवसर पर पूर्व माध्यमिक शाला भैरमगंज में स्कूल के बच्चों के लिए न्यौता भोज का आयोजन किया। साथ ही न्यौता भोज कार्यक्रम में माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला के बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया। इस आयोजन में बच्चे उत्साहपूर्वक शामिल हुए। शिक्षकों ने तिलक चंदन लगाकर शाला में स्वागत कर जन्मदिन की बधाई दी। देव ने कहा कि न्यौता भोजन कार्यक्रम से समाज के लोगों में सामुदायिक सहभागिता का विकास होता है। उन्होंने कहा कि अपने जन्मदिन या वैवाहिक वर्षगांठ या अन्य किसी भी खुशी के अवसर पर यह न्यौता भोज शासकीय विद्यालयों में करा सकते हैं। ऐसे आयोजन से स्कूल और समुदाय के बीच के संबंध मजबूत होते हैं। इस दौरान शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक राकेश पाण्डेय, शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल, बीईओ अनिल दास, एबीईओ राजेश गुप्ता, प्रभारी प्रधानाध्यापिका मनीषा महापात्र व शिक्षक शिक्षकाएं उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं

आज विधायक किरण देवसिंह के जन्मदिन के अवसर पर समूचा भाजपा परिवार, समर्थक और प्रदेशवासी दिल से शुभकामनाएं दे रहे हैं। सभी की यही प्रार्थना है कि ईश्वर उन्हें स्वस्थ, दीर्घायु और ऊर्जावान बनाए रखें उनका नेतृत्व छत्तीसगढ़ को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं और वे यूं ही कार्यकर्ताओं के "दादा" बनकर सबके दिलों में रोशनी फैलाते रहें।

## एनएमडीसी डीएवी आवासीय विद्यालय में ओजोन संरक्षण दिवस उत्साह के साथ मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



विश्व ओजोन दिवस पर एनएमडीसी डीएवी आवासीय विद्यालय धनपूंजी में ओजोन संरक्षण दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीडी गोस्वामी, डब्ल्यूएमसी, विशेष अतिथि, विनोद कुमार पांडेय, एजीएम, सीएसआर, एनएसएल अशोक कुमार पांडेय, एजीएम सुश्री श्रृंखला राजदेव, डीएम सुश्री शिल्पी नायक, संदीप झा , वी. गणेश, एग्जीक्यूटिव सुश्री श्रेया अशोक कुमार पांडेय, प्राचार्या डॉ. रानी मैथ्यू कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और विभिन्न प्रतियोगिताओं के दौरान ध्यान देने योग्य बिंदुओं की जानकारी देते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय में निबंध लेखन, भाषण, स्लोगन लेखन, क्विज़ और चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। ये सभी प्रतियोगिताएँ एनएसएल के पर्यावरण विभाग द्वारा आयोजित की गईं।

मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथियों ने कम समय में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत उत्कृष्ट कार्य की सराहना की। विशेषकर क्विज़ प्रतियोगिता के दौरान बच्चों द्वारा दिए गए शीघ्र और सटीक उत्तरों ने सभी का मन मोह लिया।सभी प्रतियोगिताएं विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुईं। सभी शिक्षकों के सहयोग से कार्यक्रम एक सफल आयोजन बन पाया।

## अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त अधोसंरचनाओं के पुनर्निर्माण को सुनिश्चित करें : कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



कमिश्नर डोमन सिंह ने कहा कि बस्तर संभाग के अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त अधोसंरचनाओं स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र, उप

- स्कूलों-आंगनबाड़ी एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों का विद्युतीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश

स्वास्थ्य केन्द्र सहित विद्युत लाईन, नल जल योजनाओं-हैंडपंप और सड़क एवं पुल-पुलिया का पुनर्निर्माण शीघ्र सुनिश्चित करें। इस दिशा में बंद सड़कों को प्राथमिकता देकर आवागमन बहाल करने हेतु जल्द पहल किया जाए। साथ ही अविद्युतीकृत स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों के विद्युतीकरण को प्राथमिकता दी जाए। वहीं दूरस्थ ईलाके के आंगनबाड़ी केंद्रों पर समेकित बाल विकास सेवाओं की उपलब्धता हेतु रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं के पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करें। उक्त निर्देश कमिश्नर ने बुधवार को कमिश्नर कार्यालय में संभागीय अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक में दिए। उन्होंने दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग उपकरण प्रदाय करने के लिए प्रत्येक जिले में चिन्हांकन शिविर आयोजित करने सहित दिव्यांगजनों को जरूरत के अनुरूप कृत्रिम अंग उपकरण उपलब्ध करवाए जाने संवेदनशीलता के साथ पहल किए जाने के निर्देश दिए।

कमिश्नर ने छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत महोत्सव आयोजन में सभी विभागों को सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने कहा और रजत महोत्सव के लोगो का पत्राचार एवं अन्य प्रचार-प्रसार में उपयोग किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी विभागों के मैदानी अमले के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए प्रस्ताव शासन को भेजने कहा। कमिश्नर ने संभाग के अंतर्गत हर घर जल प्रमाणीकरण कार्य में अद्यतन प्रगति लाने पर बल देते हुए जल जीवन मिशन के कार्यों को तेजी के साथ संचालित किए जाने के निर्देश दिए।

## एनएमडीसी-डीएव्ही आईटीआई नगरनार में मनाई गई विश्वकर्मा जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

एनएमडीसी डीएव्ही आईटीआई नगरनार में सृष्टि के रचियता भगवान विश्वकर्मा की जयंती पूरे विधि विधान एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सर्वप्रथम संस्था के प्राचार्य अभिषेक पवार के द्वारा भगवान विश्वकर्मा के चलचित्र पर माल्यार्पण कर द्वीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की गई एवं संस्था के समस्त उपकारणों, औजारों की विधिवत पूजा की गई। तत्पश्चात उन्होने भगवान विश्वकर्मा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए नवप्रवेशित प्रशिक्षणार्थीयों का संस्था में स्वागत किया एवं तकनीकी शिक्षा के महत्व को बताते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत नगरनार के सरपंच प्रतिनिधि रैनू बघेल विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के कर्मचारी सचिन तिवारी, लखन सिन्हा, लोकेश कुमार वर्मा, समस्त प्रशिक्षणार्थी एवं सुरक्षाकर्मीयों का योगदान सराहनीय रहा। अंत में प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस वर्ष भी आईटीआई में की गई साज सज्जा आकर्षण का केंद्र रही।

## ओजोन दिवस पर पीजी कॉलेज में हुआ पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को समर्पित एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ओजोन परत के महत्व और इसके संरक्षण की आवश्यकता के प्रति जागरूकता फैलाना था।

कार्यक्रम में डॉ. तुणीर खेलकर, बीपी साहू, नूरुल हक, चित्रलेखा कोड़ोपी, अखिलेश चंदेल सहित एमएससी वनस्पति शास्त्र और स्नातक जैव प्रौद्योगिकी विभाग के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने ओजोन परत की सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण के लिए आवश्यक कदमों पर गहन विचार-विमर्श किया।

इस अवसर पर कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य हरित पर्यावरण को बढ़ावा देना और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संदेश देना था। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने शपथ ली कि वे पर्यावरण संरक्षण, नियमित वृक्षारोपण और सतत विकास के लिए सक्रिय योगदान देंगे। यह आयोजन पर्यावरणीय चुनौतियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और स्वच्छ, सुरक्षित व हरित पृथ्वी के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास रहा।



### सेजस स्कूलों में व्याख्याताओं की हो पदस्थापना

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन संघ बस्तर संभाग ने संयुक्त संचालक शिक्षा बस्तर संभाग व जिला शिक्षा अधिकारी बस्तर जिला को इन छूटे पदों को सम्मिलित कराने तथा जारी सूची में शामिल अनेकों संस्था के नाम में यूडाइस कोड भी गलत है, कि जानकारी देते हुए लोक शिक्षण संचालनालय के नाम अपना ज्ञापन सौंपा। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि सम्पूर्ण दंतेवाड़ा जिला के हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी में व्याख्याता के पदोन्नति के पद प्राप्त होने से वंचित हो रहें है क्योंकि दंतेवाड़ा जिले के सभी हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी सेजस हिन्दी की संस्था बन गए है और बस्तर संभाग में सेजस हिन्दी मीडियम के रिक्त पदों को पदोन्नति में छोड़ दिया गया है जिसके कारण दंतेवाड़ा जिले के किसी भी संस्था को एक भी व्याख्याता नहीं मिलेंगे। संभाग में सेजस के हिन्दी मीडियम के हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी में शिक्षकों की कमी हो जायेगी विशेषकर दंतेवाड़ा में सभी स्कूल आत्मानंद हिंदी मीडियम के है। दंतेवाड़ा जिले के लिए एक भी पद पदोन्नति के लिए नहीं दिया गया है जबकि इन्ही आत्मानंद की संस्थाओं में पदोन्नति पर प्रचार्यों की पदस्थापना की जा चुकी है इसका सीधा असर बस्तर अनुसूचित क्षेत्रों के छात्रों की पढ़ाई पर पड़ेगा तथा पोस्टिंग की राह देख रहें उपरोक्त जिले के व्याख्याता भी जिले में पोस्टिंग से वंचित होंगे।अतः सम्पूर्ण व्याख्याता के रिक्त पदों को सम्मिलित किया जाना उचित होगा। इस दौरान प्रवीण श्रीवास्तव,राजेश गुप्ता, लुदर सन कश्यप,मोहम्मद ताहीर शेख,अमित पॉल, तुलादास मानिकपुरी,मनीष ठाकुर सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।




## विश्वकर्मा मंदिर में हुई पूजा-अर्चना व हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर





शहर के गंगानगर वार्ड में स्थित संभाग का इकलौता सृष्टि के रचनाकार भगवान विश्वकर्मा मंदिर में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 17 सितंबर को भगवान विश्वकर्मा की विशेष पूजा अर्चना की। साथ ही हवन के साथ-साथ महाभंडारा का

- महाभंडारा में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

आयोजन किया गया, जिसमें समाज के सहित अन्य लोगों ने शामिल हुए। इस पर भगवान विश्वकर्मा मंदिर में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, विधायक किरण सिंह देव, महापौर संजय पांडे सहित अन्य जनप्रतिनिधि का विश्वकर्मा समाज उत्थान समिति बस्तर संभाग एवं छत्तीसगढ़ विश्वकर्मा मय (बढ़ई) मनु (लोहार) कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने स्वागत किया।बताया जा रहा है कि इस दिन शाम को भजन-कीर्तन किया गया, इसमें समाज के पुरूष, महिला, युवा, बच्चे एवं बुजुर्ग शामिल हुए। पंडित ने बताया कि भगवान विश्वकर्मा को दुनिया का सबसे पहला इंजीनियर और वास्तुकार माना जाता है। इसलिए इस दिन उद्योगों, फैक्ट्रियों और हर तरह की मशीन की पूजा की जाती है, इसीलिए प्रत्येक वर्ष 17 सितंबर को देशभर में विश्वकर्मा जयंती मनाई जाती है। मान्यता है कि इस दिन भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं, साथ ही व्यापार में तरक्की और उन्नति प्राप्त होती है।

### वर्कशॉप व दुकानों में की गई पूजा

विश्वकर्मा जयंती पर नगर के दुकानों और वर्कशॉप में बुधवार को शुभ मुहूर्त पर पूजा-अर्चना की गई। देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा के बाद कुछ जगह भण्डारा का आयोजन किया गया। वहीं दुकानों में पूजा के बाद मिष्ठान्न वितरण किया गया।

